# सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र

**ब्लॉक- जे.डी., सेक्टर- III, सॉल्ट लेक, कोलकाता - 700106**

सं.: एसएनबी/विज्ञापन/22–23/009 27 अक्टूबर, 2022

**विषय : संकाय भर्ती हेतु विज्ञापन**

सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र (एसएनबीएनसीबीएस), जे.डी. ब्लॉक, सेक्टर –III, सॉल्ट लेक, कोलकाता –700106 (15 एकड़ के हरित परिसर के साथ 1986 ई. में स्थापित) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान है। केंद्र, 30 से अधिक संकाय सदस्यों, 15 से अधिक पोस्टडॉक्टोरल शोध अध्येताओं/ वैज्ञानिकों और लगभग 180 शोधछात्र-छात्राओं की वर्तमान संख्या के साथ मौलिक विज्ञान के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में अनुसंधान गतिविधियों में प्रवृत्त है। इसमें भौतिकी, रसायन और गणित विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान गतिविधियाँ (सैद्धांतिक, कंप्यूटेशनल और प्रायोगिक) शामिल हैं। हाल के वर्षों में केंद्र ने नए प्रयोगात्मक अनुसंधान और कंप्यूटेशनल सुविधाएं स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण निवेश किया है (केंद्र की वेबसाइट को देखें: http://newweb.bose.res.in)। केंद्र पोस्ट एम.एससी. और एकीकृत पीएच.डी. अनुसंधान कार्यक्रम भी चलाता है।

केंद्र में चार विभाग हैं, (i) खगोल भौतिकी और उच्च ऊर्जा भौतिकी (डीएएचईपी); (ii) रासायनिक और जैविक विज्ञान (डीसीबीएस); (iii) संघनित पदार्थ और पदार्थ भौतिकी (डीसीएमएमपी) और (iv) जटिल भौतिकीय प्रणाली (डीपीसीएस)। इन चार विभागों की वर्तमान और भविष्य की अनुसंधान गतिविधियाँ नीचे सूचीबद्ध हैं।

**(i) डीएएचईपी** : खगोलभौतिकी और खगोलरसायन: सिद्धांत और प्रयोग, ऑप्टिकल और नियर-आईआर में प्रेक्षणीय खगोल विज्ञान, उच्च ऊर्जा भौतिकी और क्वांटम फिल्ड सिद्धांत; ब्रह्मांड विज्ञान, क्वांटम गुरुत्व; सामान्यीकृत अनिश्चितता सिद्धांत; क्वांटम फाउंडेशन।

**(ii) डीसीबीएस**: अल्ट्राफास्ट (प्रतिदीप्ति), टेराहर्ट्ज़ और गिगाहार्ट्ज़ आवृत्ति और कैविटी रिंग डाउन स्पेक्ट्रोस्कोपी; चिकित्सा उपकरण; रासायनिक प्रणालियों के गैर-संतुलन साख्यिकीय यांत्रिकी और क्वांटम यांत्रिकी; कंप्यूटेशनल जीवविज्ञान।

**(iii) डीसीएमएमपी**: प्रायोगिक संघनित पदार्थ भौतिकी, सैद्धांतिक और कंप्यूटेशनल संघनित पदार्थ भौतिकी, नैनोविज्ञान और प्रौद्योगिकी, निम्न आयामें पर भौतिकी, अत्यधिक सहसंबद्ध इलेक्ट्रॉन प्रणाली, निम्न तापमान क्वांटम परिघटना, क्वांटम और टोपोलॉजिकल मेटेरियल्स, सेमीकंडक्टर, स्पिंट्रोनिक्स और स्पिन डायनामिक्स, फोटोनिक्स, अल्ट्राफास्ट परिघटना।

**(iv) डीपीसीएस**: सांख्यिकीय भौतिकी: इक्विलिब्रियम के अंतः और बाह्य जटिल प्रणाली, क्वांटम ऑप्टिक्स और क्वांटम सूचना विज्ञान; क्वांटम संघनित पदार्थ सिद्धांत; नम पदार्थ भौतिकी।

स.ना.ब.रा.मौ.वि.केंद्र वेतन स्तर - 12 के साथ सहायक प्रोफेसर और वेतन स्तर -13 के साथ एसोसिएट प्रोफेसर के पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। इन चार विभागों में गतिविधियों के साथ अतिव्यापी अनुसंधान हितों वाले उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

संकाय सदस्य अनुसंधान और शिक्षण गतिविधियों में भाग लेते हैं। एक संकाय सदस्य से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने स्वयं के विज्ञान अनुसंधान कार्यक्रमों को कार्यान्वित करे, बाह्य अनुसंधान निधि को सुरक्षित करे, पीएच.डी.

स्तर में छात्रों का पर्यवेक्षण करें और पोस्ट-डॉक्टरेट स्तर में परामर्श के साथ-साथ नियमित आधार पर छात्रों को पढ़ाने में भाग लें।

निम्नलिखित अनुसंधान क्षेत्रों को वरीयता दी जाएगी**:**

**क.** प्रायोगिक ऑप्टिक्स : क्लासिकल और / या क्वांटम ऑप्टिक्स**;**

**ख.** एस्ट्रोफिजिक्स/ मैटेरियल्स साइंस/ बायोलॉजिकल सिस्टम में मशीन लर्निंग और इसके अनुप्रयोग**;**

**ग.** एकल-अणु स्पेक्ट्रोस्कोपी प्रयोग**;**

**घ.** उच्च ऊर्जा भौतिकी प्रयोग/ सिद्धांत।

## ख. आवश्यक योग्यता

न्यूनतम योग्यता (सभी संकाय पदों हेतु) : उपयुक्त क्षेत्रों में पूर्ववर्ती डिग्री में प्रथम श्रेणी या समकक्ष (ग्रेड आदि के संदर्भ में) एवं अच्छे शैक्षणिक रिकॉर्ड के साथ पीएच.डी. (नीचे नोट्स भी देखें)। सफल आवेदकों से पद ग्रहन करने के उपरांत स्वतंत्र शोध करने और पीएचडी छात्रों का मार्गदर्शन करने की उम्मीद की जाती है। उनसे समकक्ष-समिक्षित पत्रिकाओं में उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्र प्रकाशित करने की अपेक्षा की जाती है।

**एसोसिएट प्रोफेसर:** पांच साल का अध्यापन और / या शोध का अनुभव जिसमें कम से कम दो साल सहायक प्रोफेसर या समकक्ष के स्तर पर होना चाहिए के साथ 45 वर्ष की आयु (15.12.2022 तक) से अधिक नहीं होना चहिए। एक्स्ट्रामुरल फंडिंग हासिल करने और स्नातकोत्तर छात्रों के पर्यवेक्षण के पिछले रिकॉर्ड वांछनीय हैं।

**सहायक प्रोफेसर**: आयु अधिमानतः 40 वर्ष की आयु (15.12.2022 तक) से अधिक नहीं होना चाहिए और कम से कम तीन साल का पोस्ट-डॉक्टरेट अनुभव होना चाहिए।

पदधारियों से स्वतंत्र शोध करने और पीएचडी छात्रों का मार्गदर्शन करने की अपेक्षा की जाती है। उनसे समकक्ष-समिक्षित पत्रिकाओं में उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्र प्रकाशित करने की अपेक्षा की जाती है।

## ग. प्रारंभिक वेतन स्तर एवं वेतन

| पद | वेतन स्तर (7 वें सीपीसी) | प्रारंभिक वेतन |
|---|---|---|
| एसोसिएट प्रोफेसर | 13 | रु. 1,23,100/- |
| सहायक प्रोफेसर | 12 | रु. 78,800/- |

वेतन में कोलकाता में तैनात केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य अन्य सभी भत्ते हैं। अन्य लाभ, जैसे पुस्तक अनुदान, अनुसंधान दीक्षा अनुदान, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के लिए वित्तीय सहायता आदि को केंद्र के मानदंडों के अनुसार अनुमति दी जाएगी।

## घ. आवेदन

संकाय पदों के लिए एक .डॉक फ़ाइल के रूप में एक आवेदन प्रपत्र यहा क्लिक करें पर उपलब्ध है। आवेदन इस प्रपत्र में निर्धारित सभी प्रकार से पूर्ण होना चाहिए। विधिवत और उचित रूप से भरे हुए एवं हस्ताक्षरित प्रपत्र उचित माध्यम से अग्रेषित सभी संलग्नकों के साथ इस पते पर भेजा जाना चाहिए: **कुलसचिव, सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय**

**मौलिक विज्ञान केंद्र, ब्लॉक - जे.डी., सेक्टर –III, सॉल्ट लेक, कोलकाता –700106** । एक सॉफ्ट कॉपी ई-मेल द्वारा भेजी जानी चाहिए : facultyapplications_2022@bose.res.in (सॉफ्ट कॉपी में फोटो और हस्ताक्षर आवश्यक नहीं है)। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर, 2022 है।

विभिन्न विभागों में चल रहे अनुसंधान और शिक्षण गतिविधियों के विषय में अधिक जानकारी वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है : http://newweb.bose.res.in । चयन की प्रक्रिया में एक संगोष्ठी और शैक्षणिक संवाद शामिल होगी जिसके बाद चयन समिति की बैठक (केवल शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों के लिए) होगी।

### ङ. सामान्य नियम एवं शर्तें

शानदार शैक्षणिक रिकॉर्ड और उत्कृष्ट शोध प्रोफ़ाइल वाले असाधारण अभ्यर्थियों के लिए चयन समिति द्वारा अनुभव में छूट दी जा सकती है। आयु में छूट भारत सरकार के नियमों के अनुसार होगी।

केवल न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा करने मात्र से आवेदक साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के योग्य नहीं हो जाता है। आरक्षण नियम भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार लागू होंगे।

केंद्र बिना कोई कारण बताए किसी भी समय विज्ञापन वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

सक्षम प्राधिकारी के निर्णय के अनुसार, उच्च पदों के लिए उपयुक्त नहीं पाए जाने वाले आवेदनों पर उसी विशेषज्ञता के क्षेत्र में निचले पदों के लिए विचार किया जा सकता है।

### च. अतिरिक्त जानकारी

1. आवेदन भेजते समय आवेदकों को किसी विभाग के नाम का उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है। एक बार चयन होने के उपरांत, आवेदक और केंद्र की आपसी सहमति से यह निर्धारित होगा कि आवेदक द्वारा किस विभाग में कार्यग्रहण किया जाना है।

2. (क) आवेदन पत्र के पहले पृष्ठ पर, (कॉलम 1 से 11), आवेदक द्वारा वांछित विवरण प्रमाण पत्र और दस्तावेजी साक्ष्य (जहां आवश्यक हो) के साथ भरा जाना है। आवेदन के समय मूल प्रति नहीं भेजा जाना चाहिए। इस समय सॉफ्ट कॉपी को वरीयता दी जाएगी।

   (ख) दूसरे पृष्ठ (कॉलम 12 से 16) पर प्रारूप में प्रत्येक उप-शीर्षक के लिए अलग-अलग शीट (पत्रों) का उपयोग किया जाना इंगित किया गया है जो दिए गए कॉलम और संलग्न अनुलग्नक में क्रॉस संदर्भों को दर्शाता है।

   (ग) सभी अनुलग्नक और आवेदन पत्र के नीचे प्रत्येक पृष्ठ पर आवेदक का पूरा नाम और हस्ताक्षर होना चाहिए।

3. आवेदक जो सरकारी, अर्ध-सरकारी संगठनों या संस्थानों में कार्यरत हैं, उन्हें अपना आवेदन **उचित चैनल के माध्यम से** भेजना चाहिए अन्यथा उन्हें साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से **अनापत्ति प्रमाण पत्र** प्रस्तुत करना होगा।

5. अपूर्ण आवेदनों को खारिज़ कर दिया जाएगा।

**कुलसचिव**